CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 151 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार ,19 नवम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## अंता उपचुनाव पर भाजपा प्रदेश प्रभारी का बयान 81% मतदान ने साबित किया, बीजेपी पूरी निष्पक्षता से चुनाव करवाती है '

### कांग्रेस पर कसा तंज-हम बहुत चुनाव जीतते हैं, कभी-कभी एक-दो चुनाव उन्हें जिताते रहेंगे तो जिंदा रहेंगे वो लोग

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



अंता उपचुनाव के बाद सियासत में जारी जुबानी जंग के बीच भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि इस चुनाव ने साफ कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया में भरोसा रखती है। उन्होंने दावा किया कि 81% मतदान इस बात का सबूत है कि बीजेपी किसी भी तरह की वोट हेराफेरी की राजनीति नहीं करती।

**चुनाव हमारी जेब में होता, यदि हम हस्तक्षेप करना चाहते**

अग्रवाल ने कहा कि केंद्र और राजस्थान दोनों जगह भाजपा की सरकार है और छह महीने पहले से पता था कि अंता में उपचुनाव होने हैं। उन्होंने कहा अगर हम चाहें तो मतदाता सूची, प्रशासनिक सिस्टम या राजनीतिक प्रभाव से चुनाव को नियंत्रित कर सकते थे। ऐसे में चुनाव हमारी जेब में होता। लेकिन बीजेपी ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता से चुनाव संपन्न करवाया।

**जम्मू-कश्मीर और अंता-दोनों जगह जनता ने जवाब दिया**

प्रदेश प्रभारी ने वोट चोरी के आरोप लगाने वालों पर हमला बोलते हुए कहा जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर की अधिकतर सीटें हम हारे, वहां 70% मतदान हुआ। अंता में 81% मतदान हुआ। ऐसे में जो लोग बीजेपी पर वोट चोरी का आरोप लगाते हैं, अंता का परिणाम उनके गाल पर झन्नाटेदार तमाचा है। यह हमारे लोकतांत्रिक सिद्धांतों की जीत है।

**अशोक गहलोत आउटडेटेड हो चुके हैं**

अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को निशाने पर लेते हुए कहा गहलोत धीरे-धीरे टाइम-बार्ड आउटडेटेड हो गए हैं। अगर बीजेपी केवल जुमले देती, तो पिछले एक साल में महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में हम कैसे जीतते? प्रधानमंत्री मोदी जो भी कहते हैं, वह सीधे जनता के दिल में उतर जाता है।

उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि 65 वर्षों तक कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नाम पर केवल गरीबों को ही हटाया, जबकि भाजपा ने 11 साल में गरीब और मध्यम वर्ग के जीवन में वास्तविक बदलाव किया है।

**एक-दो चुनाव जिताते रहेंगे तो वो जिंदा रहेंगे**

अग्रवाल ने कहा कि हार-जीत राजनीति का हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस अपनी हार से सबक लेने की बजाय भाजपा पर आरोप लगाती रहती है। उन्होंने व्यंग्य में कहा हम बहुत चुनाव जीतते हैं। कभी-कभी एक-दो चुनाव उन्हें जिताते रहेंगे तो जिंदा रहेंगे वो लोग। हमारी ओर से तो कोई रोक नहीं है।

**उपचुनाव में मेरी भूमिका नहीं, पार्टी पूरी ताकत से लगी थी**

उन्होंने बताया कि यह उपचुनाव संगठनात्मक रूप से महत्वपूर्ण था और मुख्यमंत्री से लेकर वरिष्ठ नेताओं तक सभी ने इसमें पूरी ताकत लगाई।

'उपचुनाव में मेरा कोई सीधा कार्यभार नहीं था, लेकिन पार्टी पूर्ण समर्पण के साथ काम कर रही थी।

## महिला से छेड़छाड़ व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रतापनगर थाना पुलिस ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ और मारपीट के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया की बीती 9 नवंबर को थाना क्षेत्र के एक युवक ने उसकी मां के घर पर अकेले होने के दौरान पड़ोसी वेंकटेश उर्फ जोनी पिता दामोदर शर्मा, उम्र 33 वर्ष घर में घुसने और गलत हरकत करने का मामला दर्ज कराया था।

घटना के दौरान आरोपी ने मां के चिल्लाने पर कहा बेसबॉल के डंडे से मारपीट की और उसे सड़क पर घसीटते हुए बाहर लाकर फिर से हमला किया। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश कर हिरासत में ले लिया है और जाँच में जुटी है ।

## मोबाइल छीना-झपटी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोतवाली थाना पुलिस ने मोबाइल छीना-झपटी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई थानाधिकारी सुनील चौधरी के नेतृत्व में की गई।

पुलिस ने बताया कि बीती 15 नवंबर की सुबह एक महिला इंदिरा मार्केट बैंक के पास मोबाइल पर बात कर रही थी। तभी बाइक पर आए दो युवक उसका मोबाइल छीनकर तेज गति से फरार हो गए। पीड़िता ने 17 नवंबर को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत वारदात के सीसीटीवी फुटेज व अन्य सुरागों के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने मामले में मोहम्मद सोहेल (26) और मोहम्मद सोहिल (33), निवासी गायत्रीनगर को हिरासत में लिया है । पुलिस मामले की अग्रिम जांच में जुटी है ।

## मुख्यमंत्री-मुख्य सचिव मुलाकातः राजस्थान प्रशासन में नए दौर का आगाज़

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



राजस्थान की नौकरशाही और सरकार के समीकरणों में मंगलवार का दिन खास रहा। मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और नवनियुक्त मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की मुलाकात औपचारिक भेंट से कहीं अधिक मानी जा रही है। कागज़ों में इसे महज़ शिष्टाचार मुलाकात लिखा गया हो, लेकिन प्रशासनिक हलकों में यह वह क्षण है जब सत्ता और व्यवस्था एक नए दौर की दिशा तय करती है।

सूत्रों के अनुसार, मुलाकात बेहद सौहार्दपूर्ण रही। लेकिन तस्वीरों की शालीन मुस्कान के पीछे दोनों ओर आने वाले महीनों की कार्ययोजना पर गहरी बातचीत का संकेत साफ दिखाई देता है। मुख्यमंत्री के लिए यह अवसर था नए मुख्य सचिव की कार्यशैली,प्राथमिकताओं और उनकी प्रशासनिक धार को समझने का। वहीं वी. श्रीनिवास के लिए यह मुलाकात प्रदेश सरकार की गति, उसकी विकास प्रतिबद्धताओं और शासन की अपेक्षित दिशा का पहला औपचारिक परिचय बनी।


अंदरखाने चर्चाएं गर्म हैं कि बैठक में उन प्रमुख विभागों और योजनाओं पर भी संकेतात्मक चर्चा हुई जो आने वाले महीनों में गति पकड़ने वाली हैं ,कौन-सी फाइलें प्राथमिकता में रहेंगी, किन परियोजनाओं में तेजी लाई जाएगी और किस स्तर पर समन्वय को और बेहतर बनाया जाएगा।


कुल मिलाकर, यह मुलाकात प्रदेश प्रशासन में नए अध्याय की प्रस्तावना मानी जा रही है। सरकार और नौकरशाही के बीच तालमेल और संवाद की यह शुरुआती कसौटी आने वाले समय में तेज़ फैसलों और ठोस परिणामों की पृष्ठभूमि तैयार करती दिखाई दे रही है।

# आसींद में आग का तांडवः 12 दुकानें और कार जलकर राख

## कॉम्प्लेक्स के बाहर खड़ी कार भी जली, दुकानदारों का भारी नुकसान

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।**





कस्बे में मंगलवार अल सुबह बड़ा मंदिर चौराहे पर हुई आगजनी की वारदात ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया । एक युवक द्वारा तेल छिड़ककर दुकानों को आग लगाने से कुछ ही मिनटों में पूरा कॉम्प्लेक्स लपटों में घिर गया। हादसा इतना बड़ा था कि आग ने 12 दुकानों को अपनी गिरफ्त में ले लिया और बाहर खड़ी एक कार भी पूरी तरह जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि समय रहते दमकल की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया, वरना नुकसान और भी भयावह हो सकता था।

घटना अल सुबह 3 बजे की है। पूर्व चेयरमैन भंवरलाल चौरडिया के कॉम्प्लेक्स में बने दुकानों के बाहर एक युवक ने शटर पर तेल डालकर आग लगा दी। देखते ही देखते आग तेजी से फैलती गई और आस-पास की करीब 12 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया।बाहर खड़ी एक कार भी लपटों में घिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। तेज लपटें उठते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

आग लगने की सूचना मिलते ही नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू, व्यापारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। नगर पालिका की दमकल और स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि सुनियोजित आगजनी है। आसींद थाना प्रभारी हंसराज सिंह ने बताया कि चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हुआ है। शटर के बाहर तेल डालकर ही आगजनी को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए है ।

### आग लगाने में आरोपी भाई ही निकला, पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस ने दुकानों और कार में आग लगाने वाले आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आसींद थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने बताया की मंगलवार की अल सुबह आसींद के बड़ा मंदिर के पास स्थित भंवरलाल चोरड़िया के दो मंजिला मकान के नीचे बनी दुकानों और बाहर खड़ी कार में आग लग गई थी। पुलिस टीम और नगरपालिका की फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने आसपास के सभी सीसीटीवी चेक किए तो एक व्यक्ति लोहे के पीपे में तरल पदार्थ लेकर दुकानों के शटर और कार के आसपास डालकर आग लगाता हुआ दिखाई दिया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान पारसमल उर्फ पप्पुलाल चोरड़िया निवासी आसींद के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि आरोपी पारसमल, भंवरलाल चोरड़िया का सगा भाई है। दोनों के बीच संपत्ति विवाद चल रहा था, जिसके चलते आरोपी ने जलाकर नुकसान पहुंचाने की वारदात को अंजाम दिया।

आग से दरबार गारमेंट्स का पूरा सामान, कपड़े, फर्नीचर जलकर राख हो गया, चेतन टेलर की दुकान में भी सारे कपड़े जल गए और दुकान की छत की पट्टियां टूट गईं। प्राथमिक अनुमान के अनुसार



60-70 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। एफएसएल टीम से निरीक्षण करवाने के बाद पुलिस ने आरोपी पारसमल उर्फ पप्पुलाल चोरड़िया को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है ।

## कंट्रोल रूम के पीछे किराना दुकान में सेंध गल्ले से ढाई लाख रुपये पार, सीसीटीवी में कैद चोर




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र पुलिस कंट्रोल रूम के ठीक पीछे बाजार नंबर-2 में मंगलवार अल सुबह चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। किराना दुकान हीरा ट्रेडर्स से चोर गल्ले में रखा करीब ढाई लाख रुपये कैश उड़ाकर फरार हो गया।

दुकान मालिक किशोर गुरनानी रोज की तरह सुबह शॉप पर पहुंचे तो शटर के दोनों ताले टूटे दिखे। अंदर जाकर देखा तो गल्ले का ताला भी टूटा हुआ था और उसमें रखी पूरी नकदी गायब थी। तुरंत ही पुलिस को सूचना दी गई। मालिक ने सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो सुबह एक युवक आराम से दुकान में घुसकर गल्ले से कैश निकालता हुआ साफ नजर आया। पुलिस फुटेज के आधार पर चोर की पहचान में जुट गई है।

व्यापारी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## उपखंड विलोपन के विरोध में कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन ऊपरमाल की जनता में रोष, यथास्थिति बनाए रखने की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

उपखंड को मांडलगढ़ में विलय किए जाने की चर्चाओं के बीच स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारियों व क्षेत्रीय प्रतिनिधियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंप यथावत रखने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि यदि उपखंड कार्यालय बिजौलिया को मांडलगढ़ में विलय किया जाता है, तो इसका सीधा नुकसान ऊपरमाल की आम जनता को होगा। बिजौलिया से मांडलगढ़ की दूरी 50 से 75 किलोमीटर होने के कारण ग्रामीणों को राजस्व संबंधी कामों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे उनका समय, धन और श्रम तीनों की हानि होगी।

प्रतिनिधियों ने बताया कि बिजौलिया उपखंड में लगभग 124 राजस्व ग्राम और एक नगर पालिका आती है, जहां 80 हजार से एक लाख तक की आबादी निवास करती है। क्षेत्र खनन ज़ोन होने के कारण यह उपखंड





जिला प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व उपलब्ध करवाता है। यहां भूमि विवाद, बंटवारा, दावा-आपत्ति, फसल मुआवजा, जमानतदार से जुड़े मामलों की संख्या अधिक रहती है, जिनका समाधान उपखंड स्तर पर ही आवश्यक है।

कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उपखंड कार्यालय को बिना जनभावना के विपरीत हटाया गया, तो कांग्रेस पार्टी सहित समस्त ऊपरमाल की जनता आंदोलन, धरना-प्रदर्शन एवं विरोध कार्यक्रम करने को बाध्य होगी।


ज्ञापन देते समय गोपाल शर्मा , मंडल अध्यक्ष अनिल राव , जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामफूल धाकड़ , विक्रम सोनी, संजय वैद, दिलीप जैन , अनीता जैन, राहुल सेठिया , अरविंद, रणजीत कानावत, दिनेश पालीवाल, गजेन्द्र सिंह , किशन खटीक , विशाल तिवाड़ी, अकरम, चांद मोहम्मद, राजेंद्र माथुर सहित कई लोग शामिल रहे।

## अवैध बजरी परिवहन पर काछोला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लगातार दूसरे दिन भी सख्ती से माफियाओं में मचा हड़कंप

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

**विक्रम सिंह ।** थाना क्षेत्र में बजरी माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है मंगलवार सुबह काछोला थाना पुलिस ने कटारिया खेड़ा-उमेदपुरा सीमा पर गश्त के दौरान अवैध बजरी परिवहन कर रहे एक डंपर को धर दबोचा डंपर चालक पुलिस को देखते ही वाहन को सड़क किनारे छोड़कर फरार होने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम की तत्परता के चलते डंपर को मौके पर ही जब्त कर थाने ले जाया गया

सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से अवैध बजरी परिवहन की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं, जिसके बाद थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने विशेष टीम गठित कर कार्रवाई को अंजाम दिया । शर्मा ने बताया कि अवैध बजरी परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस



लगातार गश्त और नाकाबंदी कर रही है। क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है की इससे पहले भी सोमवार को काछोला थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन पर कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया था दो दिनों में हुई इन लगातार कार्रवाइयों से बजरी माफियाओं में भारी दहशत फैल गई है।

## बुजुर्ग चरवाहे की हत्या का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा।**

हमीरगढ़ थाना पुलिस ने बुजुर्ग चरवाहे की हत्या का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा कार्रवाई थाना प्रभारी संजय गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

पुलिस ने बताया की बीती 13 नवंबर को सूचना मिली कि हमीरगढ़ हवाई पट्टी के पास जंगल में एक बुजुर्ग व्यक्ति हाथ-पैर बंधे बेहोशी की अवस्था में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि मृतक सोहनलाल गाडरी (69), निवासी गणेशपुरा, गंगरार, अपने बकरे चरा रहा था । दोपहर



करीब 2.30 बजे उसके पुत्र देवीलाल और पुत्री अनीता चाय देने पहुंचे तो देखा कि सोहनलाल के हाथ-पैर पगड़ी से बंधे, मुंह पर टॉवल बंधा था और वह उलटे मुंह जमीन पर था। इस दौरान मृतक के दो बकरे भी गायब मिले।

घटना के बाद परिजन उसे एमजीएच हॉस्पिटल भीलवाड़ा लाए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जिसमे आरोपी पिलेश उर्फ पिलिया कंजर व उसके साथी द्वारा मोटरसाइकिल पर घूमकर चोरी के स्थानों की रेकी करना और वारदात वाले दिन हवाई पट्टी के पास पंहुचते हुए सोहनलाल के हाथ-पैर व मुंह बांधकर दो बकरे चुरा कर फरार होना पाया गया।

जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी जांच और सूचना तंत्र की मदद से मुख्य आरोपी पिलेश उर्फ पिलिया कंजर (26) निवासी कंजर बस्ती, विजयपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है और शेष आरोपियों की तलाश का रही है ।

## प्रेम नारायण महाराज ने दिया संदेश: संसार नाशवान, प्रभु ही अविनाशी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**रमेश गुर्जर ।** क्षेत्र के कल्याणपुरा में चल रही कथा में कथा वाचक प्रेम नारायण महाराज गेहूंखेड़ी, ने भक्तों को जीवन और अध्यात्म का सरल मार्ग समझाते हुए कहा कि प्रभु पर अटूट विश्वास ही जीवन का आधार है। उन्होंने बताया कि संसार नाशवान है और भगवान अविनाशी, इसलिए मनुष्य को अपने जीवन को प्रभु भक्ति से जोड़ना चाहिए।

महाराज ने युवाओं को विशेष संदेश देते हुए कहा कि गो सेवा, माता-पिता का सम्मान और धर्म-नीति से चलना ही सच्चा जीवन है। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाले दुःख को प्रेम से स्वीकार करना चाहिए और सुख मिलने पर अहंकार से बचना चाहिए। कथा के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह है। हाड़ौती, मालवा और मेवाड़ क्षेत्रों से रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। वातावरण भक्ति रस से सराबोर है। कथा का संपूर्ण आयोजन समस्त ग्रामवासी कल्याणपुरा द्वारा किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों का बड़ा सहयोग और सहभागिता देखने को मिल रही है।

## दिगंबर जैन महिला महासमिति का शपथ ग्रहण समारोह और दीपावली स्नेह मिलन संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति, प्रमुख संभाग भीलवाड़ा का शपथ ग्रहण समारोह एवं दीपावली स्नेह मिलन राष्ट्रीय अध्यक्षा शीला डोडिया की अध्यक्षता में तथा प्रदेश अध्यक्षा शालिनी बाकलीवाल की मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व मंगलाचरण से हुई, जिसके बाद महिलाओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। बाहर से आए मेहमानों एवं पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्षा शीला डोडिया ने संबोधित करते हुए कहा कि प्री-वेडिंग शूट जैन शासन-परंपरा के विपरीत है, समाज को ऐसे आयोजनों का विरोध करना चाहिए।





उन्होंने आग्रह किया कि बीमार व्यक्तियों से मिलने जाने पर वहाँ का भोजन ग्रहण न किया जाए और इस संकल्प को सभी ने सामूहिक रूप से दोहराया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्षा मृदुला जैन, संस्थापक अध्यक्षा पदमा गदिया की देखरेख में प्रमुख संभाग भीलवाड़ा की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें सीमा गोधा अध्यक्षा, सुनीता पाटनी सचिव और बिंदु वेद कोषाध्यक्ष चुनी गईं। साथ ही दिगंबर जैन महिला युवा संभाग का गठन भी किया गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष सीमा गोधा ने बताया कि महासमिति ने श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर की एक बालिका को गोद लेने का निर्णय लिया है, जिसे सभी सदस्यों से सराहना मिली। कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक व सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का संचालन मधु काबरा ने किया। कार्यक्रम में सुनीता कासलीवाल का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त सरिता शाह, सुनीता जैन, जयंती अजमेरा, सीमा गदिया, सुधा जैन, नीरू अजमेरा, भारती सोनी, सुमन पाटनी सहित समाज के अनेक प्रतिष्ठितजन उपस्थित रहे।

## कोटड़ी में पुलिस की सतर्कता से टली संभावित वारदात

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक ।** कस्बे में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस की सतर्कता से एक संभावित चोरी की घटना टल गई। सोमवार देर रात मंशा चौराहा क्षेत्र में गश्त करते समय हेड कांस्टेबल रणजीत सिंह और कांस्टेबल हेमराज जाट को एक दुकान का शटर आधा खुला और लाइटें जलती मिलीं।

पुलिस टीम ने तुरंत जांच की तो दुकान खाली मिली। बोर्ड पर दिए नंबर से संपर्क करने पर मालिक गोविंद शर्मा ने बताया कि पड़ोसी से दुकान बंद करवाने को कहा था, जो भूल गया। पुलिस ने पूरे घटनास्थल की वीडियोग्राफी कर सामान सुरक्षित पाया और शटर बंद कर दुकान की चाबी थाने में जमा करा दी।




स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की। पुलिस की समय रहते की गई कार्रवाई से किसी बड़ी वारदात की संभावना टल गई।



# जल संरक्षण में भीलवाड़ा देश में दूसरा, राजस्थान में प्रथम स्थान पर

## राष्ट्रपति ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को किया सम्मानित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जल संरक्षण और जनसहभागिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए भीलवाड़ा जिले ने राजस्थान में प्रथम और पूरे देश में द्वितीय स्थान हासिल किया है। केंद्र सरकार की 'जल संचय जन भागीदारी (जेएसजेबी) 1.0' अभियान के अंतर्गत मिली इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को सम्मानित किया।



जिले में संचालित व्यापक जल संरक्षण अभियान के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से सामने आए हैं। प्रशासन के सतत प्रयासों और जनता की सक्रिय भागीदारी से जिले में भूमिगत जल स्तर में औसतन 3.57 मीटर की रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारियों, ग्रामीण-शहरी समुदाय और स्वैच्छिक संगठनों के सामूहिक सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी।

'जल संचय जन भागीदारी 1.0' अभियान के दौरान जिलेभर में एक लाख से अधिक जल संरक्षण कार्यों को अंजाम दिया गया। इनमें नए जल ढांचों का निर्माण, पुराने ढांचों की मरम्मत, जल संचयन क्षमता बढ़ाने और भू-जल पुनर्भरण के लिए तकनीकी कदम शामिल रहे। ग्रामीण विकास, पंचायती राज, वाटरशेड, कृषि, वन, जलदाय और भूजल विभागों के साथ-साथ अनेक स्वैच्छिक संगठनों ने भी इस विशाल अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान की सफलता में जनसहभागिता ने सबसे अहम भूमिका निभाई। जिला कलेक्टर संधू के नेतृत्व में प्रशासन ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने के लिए विशेष पहल की। गांवों में जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामसभाओं के माध्यम से संवाद, प्रशिक्षण शिविर, विभागीय समन्वय और लगातार निगरानी ने इस अभियान को नई गति प्रदान की। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों का उत्साह इस अभियान की सबसे बड़ी शक्ति साबित हुआ, जिसके चलते जल स्तर बढ़ाने में सफलता मिली।

कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि जल संरक्षण केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सामूहिक जिम्मेदारी है। हर बूंद का संरक्षण और उसके सही उपयोग से ही स्थायी परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि जिले में बढ़ता जल स्तर कृषि उत्पादन, पेयजल उपलब्धता और पर्यावरण संरक्षण के लिए दीर्घकालिक लाभ लेकर आएगा।

उल्लेखनीय है कि इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए केंद्र सरकार द्वारा जिले को 2 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी, जो भविष्य में जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को और गति देगा।


# शाहपुरा में 28वां लोक कवि मोहन मण्डेला स्मृति सम्मान समारोह 27 नवंबर को

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा,**

**मूलचन्द पेसवानी** साहित्यिक संस्था साहित्य सृजन कला संगम के तत्वावधान में 27 नवंबर, गुरुवार को 28वां लोक कवि मोहन मण्डेला स्मृति सम्मान समारोह एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर देश के अनेक प्रख्यात और चर्चित कवि मंच की शोभा बढ़ाएंगे।

संस्था अध्यक्ष जयदेव जोशी ने बताया कि आमंत्रित कवियों में राजस्थानी भाषा के ख्यातिप्राप्त कवि एवं साहित्यकार सत्यदेव संवितेन्द्र (जोधपुर), अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवयित्री डॉ. कीर्ति काले (नई दिल्ली), अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि एवं लाफ्टर फेम रास बिहारी गौड़ (अजमेर), राष्ट्रीय ओजस्वी कवि पंडित उमेश उत्साही (जयपुर), सुमधुर गीतकार विष्णु विश्वास (अंता), हास्य और श्रृंगार के कवि कानू पंडित (श्रीनाथद्वारा) तथा हास्य कवि दिनेश 'बंटी' (शाहपुरा) सहित अन्य कवि भाग लेंगे।

आयोजन के संयोजक एवं सूत्रधार, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि डॉ. कैलाश मण्डेला ने बताया कि सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष भी रात्रि 7:30 बजे से श्री राम टॉकीज



हॉल में किया जाएगा। हॉल में सीमित स्थान को देखते हुए कवि सम्मेलन के लिए फ्री पास जारी किए जाएंगे, ताकि भीड़ की स्थिति न बने।

प्रवेश पास म्यूजिक पॉइंट त्रिमूर्ति सर्किल तथा सुदर्शन एंटरप्राइजेज कोर्ट के सामने से प्राप्त किए जा सकेंगे। पहले आओ पहले पाओ व्यवस्था के अनुसार समय पर पहुंचने वालों को ही उचित स्थान पर बैठने की सुविधा मिल सकेगी।

कार्यक्रम को लाइव करने की भी तैयारी की जा रही है, ताकि दूरस्थ श्रोता भी कवि सम्मेलन का आनंद ले सकें। लाइव लिंक की जानकारी जल्द उपलब्ध कराई जाएगी। फ्री पास 25 नवंबर से उपलब्ध होंगे। देशभर में ख्याति प्राप्त इस वार्षिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इसमें जिले और बाहर से भी बड़ी संख्या में श्रोता हर वर्ष भाग लेते रहे हैं।

# बीएलओ द्वारा परिगणना प्रपत्र भरवाए गए, ग्रामीण रहे मौजूद

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**

**परमेश्वर ।** क्षेत्र में बीएलओ द्वारा परिगणना प्रपत्र भरवाने का कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया गया। मतदाता सूची के संकलन एवं अद्यतन प्रक्रिया के तहत बीएलओ लादु लाल तेली ने घर- घर जाकर पात्र ग्रामीणों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर प्रपत्र भरवाए। इस दौरान ग्रामीण जन व समाज सेवी शंकर लाल कुमावत, सम्पत माली , परमेश्वर दमामी, कालु तेली ,पवन तेली , कल्याण गाडरी , मुकेश कुमावत,दिनेश कुमावत, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे और पूरी जिम्मेदारी व सहयोग के साथ अपनी जानकारी उपलब्ध करवाई।




बीएलओ ने बताया कि परिगणना कार्य का उद्देश्य मतदाता सूची को सटीक व अद्यतन बनाए रखना है, ताकि आगामी चुनावों में किसी भी एलिजिबल मतदाता का नाम छूटे नहीं। उन्होंने ग्रामीणों से आवश्यक दस्तावेज जैसे पहचान पत्र, पते का प्रमाण आदि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के दौरान बीएलओ ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने और त्रुटियों को सुधारने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी।

# सुरक्षित मातृत्व दिवस पर गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 18 नवंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिटोड़ा जागीर में सुरक्षित मातृत्व दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, वजन व अन्य जरूरी जांचें की गईं। साथ ही उन्हें गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों, पोषण, आयरन-फोलिक एसिड की नियमित खुराक और टीकाकरण के बारे में जानकारी दी गई।



प्रभारी डॉ. मयंक झंवर ने बताया कि हर महीने की 9, 18 और 27 तारीख को केंद्र पर मातृत्व दिवस आयोजित किया जाता है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें। कार्यक्रम में महिलाओं को गुड़ और चने का वितरण भी किया गया।

इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर शिवांशु शर्मा, हरिराज मीणा, कुलदीप सेन, राजेश कुमार मीणा, गीता मीणा और सीमा मीणा ने सहयोग दिया। महिलाओ ने नियमित जांच करवाने के प्रति जागरूकता दिखाई।

## QUICK BITES

# भारतीय किसान संघ की जिला बैठक आयोजित, कार्य विस्तार की विस्तारित योजना घोषित

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**



**मूलचन्द पेसवानी** भारतीय किसान संघ की जिला बैठक मंगलवार को शाहपुरा में आयोजित की गई। बैठक में चित्तौड़ प्रांत के संगठन मंत्री परमानंद ने बताया कि संघ के कार्य विस्तार के लिए विस्तारित योजना 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक संचालित की जाएगी। इस अवधि में किसान संघ के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में पहुंचकर ग्राम समितियों का गठन करेंगे। प्रत्येक ग्राम समिति में 11 सदस्यों का चयन किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि समिति गठन के दौरान दायित्व और गुणों को विशेष रूप से ध्यान में रखा जाएगा। संगठन मंत्री परमानंद ने स्पष्ट किया कि ग्राम समितियां सार्वभौमिक होंगी और प्रत्येक कार्यकर्ता को समय निकालकर विस्तारक योजना का पूरी निष्ठा से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में सभी तहसीलों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुगनलाल बोहरा, प्रांत उपाध्यक्ष सोहनलाल माली, तथा गोपाललाल बलाई, प्रभुलाल कीर, भंवरलाल जाट, गणपतसिंह राणावत, रामप्रसाद शर्मा और सत्यनारायण शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आनंदधाम मंदिर का 7वां पाटोत्सव 28 से, तैयारियां शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



पुष्टिमार्गीय परंपरा से संचालित आनंदधाम हवेली मंदिर का सातवां पाटोत्सव 28 से 30 नवंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर ट्रस्टी सुमन राजेंद्र बाहेती ने बताया कि इस दौरान प्रभू श्रीनाथजी, श्री द्वारकाधीश और लालन के विभिन्न मनोरथ किए जाएंगे। श्रीनाथजी प्रागट्य एवं महात्म्यक कथा होगी। गौवत्य दिव्यांशु दाधीच प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक कथा श्रवण कराएंगे। श्री द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली नरेश डॉ.वागीश कुमार जी महाराज की अनुकंपा से तीन दिवसीय पाटोत्सव की शुरुआत 28 नवंबर को शाम 6.30 बजे दीपदान से होगी। इस दिन हटड़ी एवं कान जगाई मनोरथ होगा। 29 नवंबर को सुबह 10 बजे श्री गोवर्धन पूजा होगी। इसी दिन शाम 4 से 6.30 बजे ठाकुरजी को अन्नकूट का भोग धराया जाएगा। वैष्णव भक्त अन्नकूट के दर्शन कर सकेंगे। 30 नवंबर सुबह 11 बजे तिलक आरती, पलना दर्शन के साथ ही भव्य नंद महोत्सव मनाया जाएगा। इसी के साथ कथा विराम होगी। पाटोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 20 को चांदजी की खेड़ी, 21 को बिजोलिया में आर्यिका संघ का होगा मंगल प्रवेश



पूज्य आर्यिका उपशममति माताजी



पूज्य आर्यिका प्रशममती माताजी



**भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया**

**विकास जैन।** सिगोंली में चातुर्मास पूर्ण कर पूज्य आर्यिका प्रशमती माता एवं पूज्य आर्यिका उपशममति माता का ससंघ विहार क्षेत्र में होने जा रहा है। आगामी दो दिनों में आर्यिका संघ के दो महत्वपूर्ण मंगल प्रवेश प्रस्तावित हैं, जिनको लेकर दिगंबर जैन समाज में व्यापक उत्साह और श्रद्धा देखने को मिल रही है। गुरुवार, 20 नवंबर को आर्यिका संघ सिगोंली से पदयात्रा प्रारंभ करते हुए शोभायात्रा के साथ चांदजी की खेड़ी पहुंचेगा। यहां सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा पारंपरिक विधि-विधान से माताजी की अगवानी की जाएगी। प्रवेश के उपरांत जैन संत शाला में पूज्य माताजी का मंगल प्रवचन आयोजित होगा। चांदजी की खेड़ी में होने वाले इस कार्यक्रम में सलावटिया, आरोली, छोटी बिजौलिया, सिगोंली एवं बिजौलिया सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं शामिल होंगे।

इसके पश्चात 21 नवंबर को आर्यिका संघ शोभायात्रा के साथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र बिजौलिया में भव्य मंगल प्रवेश करेगा।

इसी क्रम में सिगोंली में आयोजित पिच्छिका परिवर्तन कार्यक्रम के दौरान चांदजी की खेड़ी दिगंबर जैन समाज की ओर से पूज्य माताजी को ग्राम आगमन हेतु श्रीफल भेंट कर विनम्र स्वागत किया गया था।

# टेक्सटाइल प्रतिनिधिमण्डल ने की मुख्यमंत्री शर्मा से मुलाकात

## विद्युत टैरिफ दरों, सौर ऊर्जा उत्पादन में आ रही समस्या से कराया अवगत






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**(पंकज पोरवाल)** राजस्थान टेक्सटाइल मिल्स एसोसियेशन, मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री एवं भीलवाड़ा टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से विद्युत टैरिफ दरों, सौर ऊर्जा उत्पादन में आ रही समस्या के संबंध में मुलाकात की। सांसद दामोदर अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल में डॉ एसएन मोदानी, दिनेश नौलखा, जेसी लढ्ढा, डीपी मंगल, एनके बहेड़िया, टीसी छाबडा, मनीष चांडक, अंकित शर्मा सम्मिलित थे। प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री से विद्युत निगमों की ओर से लगाये गये प्रति यूनिट एक रुपया रेगुलेटरी सरचार्ज को हटाने या इसके बदले में राज्य सरकार की ओर से अनुदान देने की मांग की। मुख्यमंत्री को बताया कि विद्युत दरों में वृद्धि के साथ उद्योग टैरिफ युद्ध के कारण वैश्विक और घरेलू बाजार की चुनौतियों के कारण तीव्र आर्थिक मंदी का सामना कर रहे है। साथ ही अन्य इनपुट लागत राजस्थान के उद्योगों को अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा है। इसका असर अप्रत्यक्ष रुप से आम रोजगार पर भी पड़ रहा है। उद्यमियों ने टैरिफ आदेश में 1 रुपया प्रति यूनिट के रेगुलेटरी सरचार्ज को वापस लेने की मांग की। इससे उद्योगों को ऐसे कठिन समय में राहत मिलेगी एवं रोज़गार की सुरक्षा होगी साथ ही राजस्थान एक इन्वेस्टमेन्ट डेस्टीनेशन बना रहेगा। साथ ही सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों के कनेक्टेड लोड़ से 400 प्रतिशत तक केप्टिव सौर ऊर्जा प्लान्ट लगाने की अनुमति प्रदान एवं उद्योगों के लिए कम्बाइण्ड बैंकिंग सुविधा प्रदान करने की मांग की। वर्तमान में कनेक्टेड लोड़ से 200 प्रतिशत तक के प्रावधान है। इसके साथ ही अधिक सौर ऊर्जा उत्पादन में 20 प्रतिशत बैटरी केपेसिटी लगाने के प्रावधान को भी समाप्त करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमण्डल के प्रतिवेदन को गंभीरता से सुना एवं सिद्धान्त स्वीकृति देते हुए अपने विशिष्ठ सचिव संदेश नायक से इस विषय पर उचित निर्देश देने हेतु एक विस्तृत नोट बनाकर देने को कहा।

# कबड्डी प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले, रुपाहेली ने करेड़ा को दो अंकों से दी मात

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** लखमणियास गांव में जारी रात्रिकालीन वीर तेजा कबड्डी प्रतियोगिता के तीसरे दिन सोमवार रात रोमांचक मुकाबलों की श्रृंखला देखने को मिली। तेजाजी चौक में हो रही इस प्रतियोगिता में पांच मैच खेले गए, जिनमें सोपुरा, आमली, मेजबान लखमणियास-ए, रुपाहेली और मेजबान लखमणियास-ढ्ढ की टीमें विजेता रहीं।

ग्रामीण कालूलाल जाट ने बताया कि प्रतियोगिता 15 से 20 नवंबर तक आयोजित की जा रही है, जिसका संचालन वीर तेजाजी महाराज गौशाला समिति के सहयोग से किया जा रहा है। सोमवार रात मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश चंद्र तिवाड़ी और सातोला का खेड़ा के पूर्व सरपंच शिवलाल ओझा उपस्थित रहे। पूर्व मंडल अध्यक्ष तिवाड़ी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत का क्रम चलता रहता है, प्रयास और उत्साह ही खिलाड़ियों की असली पहचान है। रात के पहले मुकाबले में सोपुरा ने बड़ला को 40-35 से हराया। दूसरे मुकाबले में आमली ने खजीना को 25-19 से मात दी। तीसरे मुकाबले में मेजबान लखमणियास-ए ने कोदिया पर 33-15 से बड़ी जीत दर्ज की।


चौथा मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें करेड़ा और रुपाहेली आमने-सामने थे। मुकाबला आखिरी पलों तक कड़ा संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें अंततः रुपाहेली ने करेड़ा को 36-34 के नजदीकी अंतर से हराकर जीत अपने नाम की।

अंतिम मुकाबले में मेजबान लखमणियास-ढ्ढ ने ककरोलिया माफी को 31-27 से हराकर दिन का खेल समाप्त किया।

# श्रीमद् भागवत कथा का दूसरा दिवसः संत दिग्विजयराम बोले भागवत मृत्यु को भी उत्सव बनाना सिखाती है

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**





रामस्नेही संप्रदाय के संत रमता राम के शिष्य, भागवत मर्मज्ञ युवा संत दिग्विजयराम ने कहा कि अठारह पुराणों में श्रीमद् भागवत ही एकमात्र ऐसा महापुराण है, जो मनुष्य को मृत्यु को भी उत्सव की तरह स्वीकारना सिखाता है। उन्होंने बताया कि इसी भागवत श्रवण से राजा परीक्षित को सात दिनों में मोक्ष प्राप्त हुआ था।

मांडलगढ़ में कास्ट परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के द्वितीय दिवस पर व्यासपीठ से रसामृत पान करवा रहे थे।

संत दिग्विजयराम ने मंगलाचरण में नेमीशारण्य तीर्थ का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार सूत जी ने 88 हजार ऋषियों को भागवत कथा सुनाई और उनके प्रश्नों का समाधान किया।

उन्होंने कहा कि ईश्वर भक्ति ही जीवन का कल्याण मार्ग है, और भक्ति हमेशा निष्काम, अहेतु और दृढ़ विश्वास से युक्त होनी चाहिए। प्रभु से प्रेम और शरणागति का भाव लेकर मंदिर में जाना चाहिए। उन्होंने शबरी की प्रतीक्षा और मीरा की प्रेमभक्ति को आज के समय में अपनाने योग्य बताया।

कथा के दौरान जब भजन मोहन आओ तो सरी..., माधव के मंदिर में मीरा एकली खड़ी... की प्रस्तुति हुई तो पांडाल में बैठे श्रद्धालु भक्ति में सराबोर हो गए। संत दिग्विजयराम ने कहा कि जीवन में चाहे कितने ही कष्ट क्यों न हों, भक्ति कभी नहीं छोड़नी चाहिए। नरसी भगत, सुदामा, शबरी और मीरा इसके महान उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि नवदा भक्ति से आनंद की प्राप्ति होती है, और राम नाम जपने से वही फल मिलता है जो तीर्थ स्नान से मिलता है। भागवत की उत्पत्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि वेदव्यास जी ने 17 पुराण लिखने के बाद भी संतुष्टि न मिलने पर नारद मुनि के मार्गदर्शन में 18वें महापुराण श्रीमद् भागवत की रचना की, जो मानवता को मोक्ष का मार्ग दिखाने वाला ग्रंथ है।

नारद मुनि के पूर्व जन्म का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य ही मनुष्य को दिव्य स्वरूप प्रदान करता है।

कुंति प्रसंग पर कहते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से ही उत्तरा के गर्भ से परीक्षित का जन्म हुआ और यह प्रसंग भागवत में विशेष महत्व रखता है। संत ने कहा हर कोई भगवान से सुख मांगता है, पर कुंति ने दुख मांगा ताकि सदैव प्रभु के प्रेमाश्रय में रहें। उन्होंने भीष्म पितामह की इच्छा-मृत्यु और पांडवों को दी गई उनकी अंतिम शिक्षाओं का उल्लेख किया। कहते हुए कि कलयुग पाँच स्थलों जुआ, मदिरा, वासना, कसाई और स्वर्ण में वास करता है, उन्होंने इनसे दूर रहने की सीख दी।

संत दिग्विजयराम ने समाज को एकजुट होने का संदेश देते हुए कहा कि 97 करोड़ हिंदू यदि जाति-पांति से ऊपर उठकर एक हो जाएँ, तो धर्म और संस्कृति की रक्षा स्वतः सुनिश्चित हो जाएगी। द्वितीय दिवस की कथा समाप्ति पर कास्ट परिवार और नगर के श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ की आरती की तथा उपस्थित प्रबुद्धजनों का सम्मान किया।

## QUICK BITES

### बैरवा तैराकी की राज्य टीम के प्रशिक्षक नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा,**



**पेसवानी** शाहपुरा 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र वर्ग में 14 वर्ष आयु वर्ग की तैराकी प्रतियोगिता में राजस्थान का खिलाड़ी दल 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक त्यागराज स्टेडियम दिल्ली में भाग लेने जाएगा।

इन खिलाड़ियों का राज्य दल में भाग लेने से पूर्व चयन प्रशिक्षण 21 नवंबर से 22 नवंबर तक तथा पूर्व प्रशिक्षण शिविर 23 नवंबर से 27 नवंबर तक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामू का बास गोकुलपुरा पिपराली सीकर में आयोजित होगा।

पिपराली सीकर में आयोजित चयन परीक्षण एवं प्रशिक्षण शिविर के लिए शाहपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रेगर बस्ती के शारीरिक शिक्षक सत्यनारायण बेरवा तैराकी कोच को प्रशिक्षक नियुक्त किया है। बैरवा तैराकी में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रह चुके है।

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय भीमपुरा में सेवा दिवस आयोजित, छात्रों को ऊनी वस्त्र वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



राजकीय प्राथमिक विद्यालय भीमपुरा में मंगलवार को सेवा दिवस कार्यक्रम नंदलाल मीना के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के तहत विद्यालय में नामांकित सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार एवं एसएमसी की ओर से ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। इसके साथ ही ग्रामवासियों ने विद्यालय परिसर की सामूहिक साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

आयोजन में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी धर्मचंद मीणा, ग्राम पंचायत किशनगढ़ के प्रशासक प्रतिनिधि नंदलाल मीणा, एवं एसएमसी अध्यक्ष भेरू सिंह कानावत उपस्थित रहे।

### तिलहन योजना के अंतर्गत दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**



**विक्रम सिंह** कृषि विभाग द्वारा तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कस्बे में दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । प्रशिक्षण में क्षेत्र के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर तिलहन फसलों के वैज्ञानिक प्रबंधन, उन्नत बीज, गुणवत्तापूर्ण खाद-पोषण तकनीक तथा नई कृषि विधियों की जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह सोलंकी रहे, जबकि अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई एवं भगवान मंत्री ने की । सहायक कृषि अधिकारी गीता मीणा ने किसानों को तिलहन उत्पादन में बढ़ते अवसरों, बाजार की मांग और सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत करवाया । कृषि विशेषज्ञों ने तिलहन फसलों की उन्नत किस्मों, कीट प्रबंधन, सिंचाई पद्धति, जैविक खाद उपयोग सहित उत्पादन बढ़ाने के महत्वपूर्ण उपायों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया । प्रशिक्षण के दौरान किसानों के सवालों के समाधान हेतु इंटरैक्टिव सत्र भी रखा गया । इस दौरान वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक रमेश चंद्र मंत्री सोहन लाल मीणा , सुरेश नाथ योगी ,काछोला उप सरपंच देवी लाल माली पप्पू धाकड़ गोपाल लाल देवी लाल आदि किसान मौजूद रहे।

### मॉडल स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव सामग्री वितरित

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।**



**परमेश्वर ।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में मंगलवार को भामाशाहों द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को सर्दी से बचाव सामग्री वितरित की गई। संस्था प्रधान भरत देव धाभाई ने बताया कि भीलवाड़ा के भामाशाह डॉ. प्राणजीवन शाह व उनके पुत्र अतुल शाह ने छोटी कक्षाओं के बच्चों के लिए 65 जोड़ी पीटी शूज भेंट किए। सोफिया स्कूल की शारीरिक शिक्षिका प्रेरणा टेलर और मॉडल स्कूल की शिक्षिका मोनिका स्वर्णकार ने भी स्वेटर प्रदान किए। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ का उल्लेखनीय सहयोग रहा। अंत में संस्थाप्रधान ने सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।